प्रेस विज्ञप्ति

कोविड 19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों में सभी को भोजन उपलब्ध कराना उत्तर प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है , जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं ।इसी क्रम में राज्य कर विभाग द्वारा "होम डिलीवरी सप्लाई मित्र पोर्टल " तैयार किया गया है ।इस पोर्टल पर प्रदेश के सभी जनपदों में किराना , राशन आदि दैनिक उपयोग की वस्तुओं की होम डिलीवरी में संलग्न व्यापारियों एवं डिलीवरी करनेवाले व्यक्तियों के नाम/मोबाइल नं ,जनपद एवं स्थानीय क्षेत्र से संबंधित सूचना उपलब्ध है ।इस पोर्टल पर विभिन्न जनपदों में पका भोजन उपलब्ध कराने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं तथा सरकार द्वारा संचालित कम्यूनिटी किचेन से संबंधित सूचना भी उपलब्ध है ।इस पोर्टल पर 9415 ऐसे व्यापारियों की सूचना उपलब्ध है,जो होम डिलिवरी कर रहे हैं ,इसके अतिरिक्त 1218 भोजन वितरण केन्द्रों की सूचना भी इस पोर्टल पर उपलब्ध है ।भोजन वितरणतथा होम डिलीवरी हेतु इच्छुक व्यक्तियों /संस्थाओं तथा व्यापारियों को स्वयं पोर्टल पर रजिस्टर करने की सुविधा भी दी गई है ।पोर्टल को मोबाइल फ़ोन के माध्यम से आसानी से संचालित किया जा सकता है ।पोर्टल http ://supplymitra-up.comपर उपलब्ध है ।सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक इस सुविधा की जानकारी पंहुचाने के लिए "होम डिलीवरी सप्लाई मित्र" तथा "अन्नपूर्णा " नाम से दो फ़ेसबुक पेज भी तैयार किए गए हैं ।श्री आलोक सिन्हा,कृषि उत्पादन आयुक्त,उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 5अप्रैल 2020 को पोर्टल एवं फ़ेसबुक पेज का शुभारंभ किया गया ।